तापमान

अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 10 मई 2026

4

सुशासन तिहार में प्रभारी मंत्री ने की जिले के कार्यों की समीक्षा

[खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार]

खबर संक्षेप

मोबाइल विवाद को लेकर मारपीट, थाने में शिकायत

रायगढ़। शहर के ईशानगर नया पारा क्षेत्र में मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। घटना में एक महिला के साथ उसके माता-पिता से गाली-गलौज और मारपीट किए जाने का मामला सामने आने के बाद महिला की शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। पीड़िता श्वेता सिंह पिता मदन सिंह ने बताया कि वह अपने माता-पिता के साथ ईशानगर नया पारा में रहती है और श्री राम फाइनेंस कॉर्पोरेशन में कार्यरत है। उसी कंपनी में चांदमारी निवासी जयदीप सिंह नागपाल भी काम करता है। 6 मई की शाम करीब साढ़े 5 बजे श्वेता सिंह और जयदीप सिंह नागपाल कंपनी के एक ग्राहक के लोन प्रोसेस के सिलसिले में पॉलिटेक्निक कॉलेज क्षेत्र गए थे। वहां ग्राहक नहीं मिलने पर दोनों वापस चांदमारी गार्डन के पास पहुंचे। इसी दौरान जयदीप सिंह नागपाल श्वेता का मोबाइल फोन लेकर ग्राहक से बात करते हुए मैदान की ओर चला गया। कुछ देर बाद वापस आने पर श्वेता ने अपना मोबाइल मांगा, लेकिन जयदीप ने फोन लौटाने से मना कर दिया। इसके बाद श्वेता अपने घर लौट गई और अपने पिता मदन सिंह के मोबाइल से जयदीप को फोन कर मोबाइल वापस करने के लिए कहा, लेकिन उसने फोन देने से इनकार करते हुए बहस शुरू कर दी। जिसके बाद देर शाम करीब साढ़े 7 बजे जयदीप सिंह नागपाल अपने साथी राज कर्ष के साथ श्वेता के चाय दुकान के पास पहुंचा। वहां जयदीप ने मोबाइल वापस किया, जबकि वहां मौजूद राज कर्ष ने श्वेता के पिता मदन सिंह से गाली-गलौज करते हुए विवाद शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और श्वेता की मां के साथ मारपीट की। राज कर्ष ने हाथ में पहने कड़े से उसकी मां के दाहिने हाथ की कलाई और कोहनी पर हमला किया, साथ ही लात-घूंसों से मारपीट की।

मेडिकल दुकान में चोरी, नकदी लेकर फरार हुए बदमाश

रायगढ़। धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मिरीगुड़ा में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक मेडिकल दुकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीती अलसुबह अज्ञात चोर मेडिकल दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे। इसके बाद दुकान के भीतर रखी अलमारी का लॉक भी तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि अलमारी में रखे करीब 25 हजार रुपये नकद चोर अपने साथ ले गए। चोरी के दौरान बदमाशों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे से भी छेड़छाड़ की। कैमरे में दर्ज समय के अनुसार घटना सुबह करीब 4 बजे की बताई जा रही है, क्योंकि उसी दौरान कैमरा बाधित हो गया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद मेडिकल संचालक ने तत्काल धरमजयगढ़ पुलिस को सूचना दी।

साउथ बिहार एक्सप्रेस में महिला यात्री का बैग चोरी

रायगढ़। एक महिला यात्री का ट्रेन सफर के दौरान बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना साउथ बिहार एक्सप्रेस में सफर के दौरान हुई, जहां अज्ञात चोर महिला का हैंडबैग लेकर फरार हो गया। पीड़िता ने मामले की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार बिहार के खगड़िया जिले के लाभगांव की मूल निवासी 55 वर्षीय श्रीमती मीरा पासवान वर्तमान में रायगढ़ के केलो विहार कॉलोनी में रहती हैं। उन्होंने बताया कि बीते 23 अप्रैल की रात वह गाड़ी क्रमांक 13288 साउथ बिहार एक्सप्रेस से मोकामा स्टेशन से रायगढ़ आने के लिए सफर कर रही थीं। वह ट्रेन के कोच नंबर A-1 की अपर बर्थ सीट नंबर 46 में यात्रा कर रही थीं। पीड़िता के मुताबिक ट्रेन मोकामा स्टेशन से रवाना होने के बाद उन्हें हल्की नींद लग गई।

तारीखों के ऐलान के बाद पार्षद पद के लिए निकायों में गहमा-गहमी शुरु

जिले में 59 पंच एक पार्षद के साथ सारंगढ़ में एक पार्षद, 4 सरपंच और 8 पंच के लिए होगा उप चुनाव

सरपंचों के लिए भी गांवों में बैठकें चालू, मौका पाने लगा रहे अपनी-अपनी दांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

निर्वाचन आयोग की उप चुनाव की ऐलान के बाद जहां चुनाव होना है वहां गहमा-गहमी चालू हो गई है। खासकर पार्षद और सरपंच पद के लिए होने वाले चुनाव के लिए लोग अपना दांव लगाना चालू कर दिया है।

जिले में 59 पंच एक पार्षद के साथ सारंगढ़ जिले में 4 सरपंच 8 पंच और एक पार्षद के लिए उप चुनाव होगा। इसकी

घोषणा के बाद स्थानीय निर्चावन की ओर से चुनाव वाले क्षेत्रों में आचार संहिता लागू कर दिया है। वहीं मतदाता सूची समेत अन्य तैयारियां भी की जा रही है। रायगढ़ के नगर पंचायत किरोडीमलनगर में एक पार्षद का उप चुनाव होगा। वहीं जिले के सात ब्लॉकों में 59 पंच पद के लिए उप चुनाव होगा। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। सारंगढ़ के वार्ड तीन में पार्षद पद का चुनाव होगा। वहीं सारंगढ़ जिले में 4 सरपंच और 8 पंच पद का भी चुनाव होगा। इसकी तैयारी वहां भी चालू हो गई है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन भी हो चुका है। नामांकन की प्रक्रिया भी इसी महीने से चालू होगी।

कहां कितने पंच के खाली हैं पद

रायगढ़ जिले के सात ब्लॉक में 59 पंच के पद खाली है। कहीं आरक्षण के कारण मुख्य चुनाव के समय से ही यह पद खाली है तो कहीं किसी और कारण से। इसमें रायगढ़ ब्लॉक में 7, पुसौर 11, खरसिया 15, तमनार 5, लैलूंगा 6, घरघोड़ा 11 और धरमजयगढ़ ब्लॉक में 4 पंच पद खाली है। इसी तरह किरोडीमलनगर के एक वार्ड में पार्षद का चुनाव होगा।

सारंगढ़ जिले में 13 पदों पर चुनाव

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में कुल 13 पदों पर उप चुनाव होगा। इसमें सरपंच पद के लिए चार जिसमें ग्वालिनडीह, बरभांठा, कोतमरा और चंदई शामिल है। यहां 8 पंच और सारंगढ़ नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 में पार्षद पद का चुनाव होगा।

मतपेटी में होगा चुनाव

यह चुनाव मतपेटी में होगा। जहां चुनाव होगा वहां पोलिंग पार्टी भेजी जाएगी, उनको मतपेटी दी जाएगी। मतपेटी से ही चुनाव होगा। कहने को तो उप चुनाव है, लेकिन चुनाव से कम काम नहीं होता। पूरी तैयारी उसी हिसाब से ही करनी पड़ती है। पोलिंग पार्टी के लिए नामों की सूची मांगी गई है।

युवक पर धारदार हथियार से हमला गर्दन पर गंभीर चोट

रायगढ़। धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के पतरापारा मोहल्ले में पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर धारदार हथियार से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घायल युवक को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पतरापारा निवासी 45 वर्षीय अमासो सिदार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मजदूरी का काम करती है और अपने बच्चों के साथ रहती है। 7 मई की रात करीब 10:15 बजे मोहल्ले की छोटी बैगा ने उसकी बड़ी बेटी पूर्णिमा सिदार के मोबाइल पर फोन कर सूचना दी कि मोहल्ले का सरोज साहनी ने उसके बेटे श्रृर्षि सिदार पर किसी धारदार वस्तु से हमला कर दिया है, जिससे उसके गले से काफी खून बह रहा है। सूचना मिलने के बाद अमासो सिदार अपनी बेटी के साथ घर पहुंची, जहां पता चला कि रिश्तेदार बृजेश बैगा अपने बेटे के साथ घायल युवक को मोटरसाइकिल से इलाज के लिए सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ ले गए हैं।

एसएसपी ने की क्राइम की समीक्षा, राजपत्रित अधिकारी और टीआई हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने राजपत्रित अधिकारियों थाना चौकी तथा शाखा प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली। क्राइम मीटिंग से पूर्व एसएसपी द्वारा सभी अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेकर लंबित अपराध, प्रगति रिपोर्ट और विवेचना की अद्यतन स्थिति के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। बैठक के दौरान लंबित गंभीर अपराधों की बारीकी से समीक्षा की गई और ऐसे मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ऑपरेशन तलाश के तहत विशेष अभियान चलाने की रणनीति बनाई गई।

आवश्यक होने पर पुलिस टीमों को दूसरे राज्यों में भेजने की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। एसएसपी ने सीएसपी और एसडीओपी को अपराध निकाल की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करते हुए थाना प्रभारियों को प्रकरणों के

शीघ्र निराकरण के लिए स्पष्ट दिशा निर्देश दिए। विजुअल पुलिसिंग को प्रभावी बनाने पर भी विशेष जोर दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया कि थाना क्षेत्रों के प्रमुख चौक चौराहों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, ढाबों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की दृश्य उपस्थिति लगातार बनी रहनी चाहिए।

पुलिस वाहन पेट्रोलिंग, बीट सिस्टम, फ्लैग मार्च और जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से आमजन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाने तथा असामाजिक तत्वों में पुलिस का भय बनाए रखने कहा गया।

ट्रॉली बैग में 18 किलो गांजे के साथ गाड़ी का कर रहे थे इंतजार, पुलिस पकड़कर ले गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्टेशन के बाहर मंदिर के पास तीन बैग लेकर तीन लोग खड़े थे। उनके तीनों बैग में गांजा था, किसी ने पुलिस को इसकी सूचना दी। कोतवाली और जीआरपी पुलिस ने मौके पर आकर जांच की तो भौचक्के रह गए। बैग में 18 किलो गांजा था और उसे बिक्री के लिए मध्य प्रदेश के किसी गांव में ले जा रहे थे, लेकिन वाहन का इंतजार करते पकड़ा गए। इसमें दो आरोपियों के साथ एक महिला भी है।

जानकारी के अनुसार रायगढ़ रेलवे स्टेशन के सामने पार्किंग क्षेत्र से ओडिशा के दो पुरुष और एक महिला को भारी मात्रा में अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 17.726 किलो गांजा, 2 मोबाइल समेत 1 लाख 79 हजार 500 रुपए की संपत्ति जब्त की गई है। रेलवे स्टेशन

के सामने पार्किंग क्षेत्र में शिव मंदिर के पास पीपल पेड़ के नीचे तीन संदिग्ध व्यक्ति बैग लेकर बैठे हुए हैं, जिनके पास मादक पदार्थ गांजा है और वे कहीं जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे हैं। कोतवाली और रेल्वे पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर तीनों संदिग्धों को हिरासत में लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सिद्धांत गोन्डा पिता महेश्वर गोन्डा उम्र 28 वर्ष निवासी डिमरीकाल थाना खजुरीपाड़ा जिला कंधमाल ओडिशा 2 कश्यप साहनी पिता प्रसन्न साहनी 45 निवासी घोड़ापथरा थाना खजुरीपाड़ा जिला कंधमाल ओडिशा तथा 3 श्रीमती चंद्रिका साहनी पति कश्यप साहनी 40 निवासी घोड़ापथरा थाना खजुरीपाड़ा जिला कंधमाल ओडिशा बताया।

पुलिस द्वारा बैगों की तलाशी लेने पर एक बैग से 6.382 किलोग्राम, ट्रॉली बैग से 8.084 किलोग्राम तथा अन्य बैग से 3.304 किलोग्राम गांजा 1 लाख 76 हजार बरामद किया गया। आरोपियों ने बताया कि वे गांजा ओड़िशा के कंधमाल जिले से खरीदकर मध्यप्रदेश के खुरई में बिक्री करने के लिए ट्रेन से रायगढ़ पहुंचे थे और आगे जाने के लिए वाहन की तलाश कर रहे थे। आरोपियों के पास गांजा परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस नहीं मिला। थाना कोतवाली रायगढ़ में आरोपियों के विरुद्ध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

रात दो-तीन बजे के बीच घोघरा डेम में उतरा हाथियों का दल

रायगढ़। 7 मई को लगभग 20 हाथियों का दल बोजिया परिसर के कक्ष क्रमांक 516 आरएफ में विचरण कर रहा था। शाम लगभग साढ़े 5 से साढ़े 6 बजे के बीच सिंघीझाप परिसर के कक्ष क्रमांक 502 आरएफ की ओर बढ़ा।

देर रात लगभग 2 से 3 बजे के बीच यह दल घरघोड़ा परिक्षेत्र से वापस लौटकर घोघरा डेम के पानी में उतरा, जहां संभवतः इसी दौरान शावक की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद दल के 15 हाथी लोटान क्षेत्र की ओर चले गए, जबकि शेष 5 हाथी, जिनमें एक नर, तीन मादा एवं एक शावक शामिल थे, कक्ष क्रमांक 502 में ही रुके रहे। 8 मई को नियमित गश्त के दौरान हाथी ट्रैकर्स ने घोघरा डेम में शावक को मृत अवस्था में देखा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की तीन सदस्यीय टीम मौके पर पहुंची, जिसमें डॉ. आशीष राठिया, डॉ. विवेक नायक एवं डॉ. अनिल कुमार सिंह शामिल थे। टीम की उपस्थिति में मृत शावक का विस्तृत पीएम कराया गया। पीएम उपरांत मृत्यु के वास्तविक कारणों की वैज्ञानिक जांच के लिए विषरा के नमूने इंडियन वेटनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट, इज्जतनगर, बरेली उत्तर प्रदेश तथा नानाजी देशमुख वेटनरी साइंस यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ, जबलपुर मध्यप्रदेश भेजे जा रहे हैं।

अहमदाबाद,उत्कल,साउथ बिहार 4 घंटे व समरसता 5 घंटे लेट

रायगढ़। पिछले कुछ महीने से लगातार अहमदाबाद, उत्कल, साउथ बिहार व समरसता जैसी लंबी दूरी की ट्रेनें जो अप दिशा की ओर जाने जाती हैं लगातार निर्धारित समय से 4 से 6 घंटे तक विलंब से चल रही है। इन ट्रेनों की स्थिति यह है कि सुबह आने वाली ट्रेनें दोपहर या शाम तक पहुंच रही हैं। जबकि डाउन दिशा की ओर जाने वाली ट्रेनों की चाल में थोड़ा सुधार देखने को मिला है।

रेलवे प्रबंधन लगातार यात्री ट्रेनों की गति बढ़ाने तथा ट्रेनों को समय पर चलाने के लिए काम किए जाने का दावा करता है, लेकिन इसका असर धरातल पर नजर नहीं आता। हर दिन ट्रेनें विलंब से स्टेशन पहुंच रही हैं। खास तौर पर अप दिशा की ओर जाने वाली तमाम ट्रेनें 4 से 6 घंटे तक विलंब से चल रही हैं। जिसमें हावड़ा-पुणे आजाद हिंद, अहमदाबाद, पुरी-ऋषिकेश उत्कल, दानापुर-दुर्ग साउथ बिहार तथा समरसता जैसी गाड़ियां शामिल हैं।

बीते कुछ महिनों ने उक्त सभी गाड़ियां कभी भी समय पर स्टेशन नहीं पहुंच सकी हैं। बताया जा रह है कि राउकेला के समीप यह सभी गाड़ियां लगातार डिस्टर्ब हो रही हैं, जिसकी वजह से विलंब हो रही हैं। रेलवे प्रबंधन भी इसे लेकर स्पष्ट नहीं कह पा रहा है कि आखिर इन ट्रेनों की चाल कब तक सुधरेगी। आलम यह है कि मुंबई एलटीटी को रायगढ़ से खरसिया पहुंचने में ही एक घंटे से अधिक समय लग गया। इसी प्रकार सुबह 3.51 बजे आने वाली इतवारी स्पेशल दोपहर 12.30 बजे, सुबह 4.30 बजे आने वाली मुंबई-हावड़ा मेल 8 बजे, सुबह 5.25 बजे आनो वाली पोरबंदर हावड़ा 8.15 बजे, सुबह 6.46 बजे आने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस 9.35 बजे स्टेशन पहुंची। लगातार ट्रेनों के विलंब होने के कारण यात्रियों को तो परेशानी हो ही रही है, बल्कि रायगढ़ से व्यापार करने के लिए जाने वाले व्यापारियों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा रहा है। क्योंकि इनमें से कई ऐसी गाड़ियां हैं, जिनमें पार्सल के रूप लोग अहमदाबाद, हावड़ा व मुंबई जैसे महानगरों से सामान मंगवाते हैं। ट्रेनों के विलंब होने पर डिलीवरी समय पर नहीं हो पाती है, जिसकी वजह से यहां के व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

हर दिन गाडियां हो रही विलंब

रायगढ़ से गुजरने वाली लगभग सभी गाडियों की चाल काफी लंबे असरे से बिगड़ी हुई है। जिसे सुधारने का सिर्फ दावा किया जा रहा है, लेकिन ट्रेनों की गति और समय की जमीनी हकीकत इनकी लेटलतीफी स्पष्ट रूप से बयां कर रही है। हर बार कोई न कोई मरम्मत कार्य के नाम से यात्री ट्रेनों प्रभावित किया जा रहा है, लेकिन इतने बड़े पैमाने पर मरम्मत कार्यों के बाद मालगाडियो की चाल में जरा भी फर्क नजर आता।

6 माह में एक बार भी समय पर नहीं आई ट्रेनें

मुंबई-हावड़ा रूट पर चलने वाली ट्रेनों की स्थिति यह है कि बीते करीब 6 माह से एक भी ट्रेन ऐसी नहीं है जो समय पर पहुंची हो। यहां से गुजरने वाली हर लंबी दूरी की गाड़ी अपने निर्धारित समय से कम से कम 2 और अधिक से अधिक 10 से 12 घंटे विलंब से स्टेशन पहुंची है। जिसमें मुख्य रूप से उत्कल, मुंबई मेल, आजाद हिंद, अहमदाबाद जैसे ट्रेनों के नाम पहले सामने आते हैं।

होम पेज पर लौट रहा ऐप, दोबारा भरना पड़ रहा डेटा, अपलोडिंग में भी लग रहा समय

ऑनलाइन में तकनीकी संकट, स्लो सर्वर और नो-एडिट फीचर से प्रगणक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जनगणना के लिए बनाए गए पोर्टल में कई तरह की तकनीकी खामियों की वजह से प्रगणकों की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। यह ऐप ज्यादा लोड होने पर काफी स्लो रिस्पांस करता है. वहीं कई बार होम पेज पर खुल जाता है। ऐप में गलती से दूसरा ऑप्शन टच हो जाए तो भी होम पेज ओपन हो जाता है। वहीं जिन इलाकों में नेटवर्क की समस्या बनी रहती है, वहां ऐप के जरिए जनगणना कर रहीं टीम को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि जनगणना 2027 के तहत जिले में 1 मई से 30 मई तक मकानों की सूचीकरण और मकानों की गणना की जा रही है। इसके लिए ब्लॉकवार

निर्धारित किए गए क्षेत्रों में प्रगणक पहुंच कर मकानों की लिस्टिंग कर रहे हैं, लेकिन कई जगहों पर जनगणना करने के लिए तैयार किए गए ऐप में तकनीकी खामियां देखने को मिल रही हैं। कुछ प्रगणकों ने बताया कि ऐप में लोड अधिक होने पर रिस्पांस टाइम बढ़ जाता है, जिससे कई रिफ्रेस करना पड़ रहा है। वहीं कई बार ऐप काफी स्लो हो जाता है, जिसकी वजह से पूरी प्रक्रिया में समय लग रहा है। मुख्य बात यह है कि जिन इलाकों में विशेष तौर पर वनांचल व ग्रामीण इलाकों में नेटवर्क इश्यू की वजह से भी ऐप का रिस्पांस टाइम बढ़ जाता है। ऐसे में एक ही प्रोसिजर के लिए कई बार संबंधित ऑप्शन को क्लिक करना पड़ता है। इसके साथ ही सर्वर स्लो होने की समस्या भी देखने को मिल रही हैं। इस कारण कुछ इलाकों में प्रगणक को एक ही घर में सर्वे करने के लिए समय भी अधिक लग रहा है। बता दें कि यह जनगणना मोबाइल के माध्यम से किया जा रहा है, जिसके लिए हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस यानी एचएलओ मोबाइल एप्लीकेशन विकसित किया गया है। इस ऐप में सीधे फील्ड से सर्वर तक डेटा भेजने की सुविधा दी गई है। किंतु इसमें कई इलाकों में नेटवर्क की कमी वजह से समय अधिक लग रहा है। वहीं नेटवर्क की समस्या के कारण डेटा तुरंत सिंक नहीं हो पा रहा है। हालांकि ऐसे इलाकों के लिए प्रशासन वैकल्पिक तरीकों से इस प्रक्रिया को पूर्ण करने का प्रयास कर रहा है।

करेक्शन या एडिट का ऑप्शन नहीं

इस संबंध में प्रगणकों के रूप में काम कर रहे सूत्रों ने बताया कि ऐप में मकान नंबर की एंट्री को और परिवार की संख्या और क्रमांक या जानकारी को एडिट करने का ऑप्शन नहीं दिया गया है। यदि प्रगणक किसी प्रकार के करेक्शन की कोशिश करता भी तो ऐप वापस होम पेज पर लौट जाता है. इसके साथ ही प्रक्रिया अपूर्ण होने की सूचना के साथ कुछ देर इंतजार करने पर फिर आरंभ से पूरी प्रक्रिया करनी पड़ती है। यदि एंट्री करते समय भूलवश एंट्री में किसी प्रकार की गलती हो जाए तो बाद में इसे मौके पर ही करेक्ट करने या सुधार करने का ऑप्शन नहीं दिया गया है। हालांकि नेटवर्क की समस्या को देखते हुए प्रगणकों को डेटा ऑफलाइन मोड में सहेजने और बाद में नेटवर्क आने पर अपलोड करने की सुविधा दी गई है। किंतु एडिट या करेक्शन का ऑप्शन नहीं होने की वजह से इसमें भी दिक्कत हो रही है।

सुधार कराने कार्यालय तक दौड़ लगाने की मजबूरी

ऐप में संबंधित परिवार या मकान से संबधित जानकारियों की एंट्री हो जाने की स्थिति में प्रगणकों को कार्यालय तक दौड़ लगानी पड़ती है। वहीं कई बार तो वहां बैठे अधिकारी उन्हें इस तरह की गलती नहीं करने की बात कहते हुए फटकार सुननी पड़ रही है। चूकि यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल है, ऐसे में इसमें मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्या के कारण भी कई बार एंट्री इधर उधर होने के साथ ही डेटा अपलोडिंग में समस्या आ रही है।

खबर संक्षेप

आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

जांजगीर-चांपा। एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ अंतर्गत नगर पंचायत शिवरीनारायण क्षेत्र अंतर्गत वार्ड कमांक 7 आजाद वार्ड में ऑगनबाड़ी सहायिका के 1 पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ ने बताया कि जिसकी प्राविधिक मूल्यांकन सूची का प्रकाशन कार्यालयीन सूचना पटल पर कर दिया गया है। किसी अभ्यार्थियों को प्राविधिक सूची में आपत्ति हो तो वे 13 मई 2026 तक ऑनलाईन लिंक पर दावा-आपत्ति कर सकते है। अंतिम तिथि के बाद कोई भी दावा- आपत्ति स्वीकार नहीं किये जायेगे और न हीं दावा-आपत्ति में नये दस्तावेज स्वीकार किये जाएगे।

20 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

सक्ती। आबकारी वृत्त सक्ती की टीम ने टोहिलाडिह और जुड़गा में शराब कारोबारियों पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों के कब्जे से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया है। शुक्रवार 8 मई को आबकारी वृत्त सक्ती ने ग्राम टोहिलाडिह थाना सक्ती में एक क्रेता से महुआ मदिरा खरीदी की पुष्टि होने पर शोभलाल साहू पिता परदेशी राम के रहवासी मकान में जांच कार्यवाही करने पर उसके मकान से एक प्लास्टिक पन्नी में भरा 10 लीटर महुआ शराब और 15 नग प्लास्टिक पाउच प्रत्येक में 200-200 मिली मदिरा कुल मात्रा 13 लीटर मदिरा महुआ मदिरा बरामद होने से धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम किया गया। इसी तरह ग्राम जुड़गा में राजेन्द्र कुमार घसिया पिता छेदीलाल घसिया के रहवासी मकान से एक पीले प्लास्टिक जरिकेन में भरा 5 लीटर और 10 नग प्लास्टिक पाउच प्रत्येक में 200 -200 मिली कुल 7 लीटर महुआ शराब बरामद होने से धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया।

बिर्रा में संगीत प्रतियोगिता का आयोजन 13 को

बिर्रा। गुरुघासीदास संगीत महाविद्यालय हसौद द्वारा संगीत के प्रचार-प्रसार की दृष्टि सें संगीत प्रतियोगिता का आयोजन 13 मई को देव पब्लिक स्कूल बिर्रा में 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र प्रातः 10 बजे होगा तथा समापन सत्र एवं पुरस्कार वितरण शाम 5 से 7 वजे तक सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में गगन जयपुरिया जिला पंचायत उपाध्यक्ष ,मोहन कुमारी साहू जिला पंचायत सदस्य, गोपीसिंह ठाकुर जिला उपाध्यक्ष भाजपा, एकादशियां साहू सरपंच प्रतिनिधि बिर्रा, रितेश रमण सिंह जनपद सदस्य तथा मणिलाल कश्यप वरिष्ठ कांग्रेसी एवं सामाजिक कार्यकर्ता, दिनेश चंद्रा संचालक देव पब्लिक स्कूल, डॉ. शुभम शुक्ला संचालक शुक्ला हेल्थ केयर हॉस्पिटल बिर्रा, धनेश कुमार मिश्र संचालक वन्दे मातरम स्कूल नवागढ़, राजेन्द्र पाणिग्रही संचालक लिटिल पॉवर स्कूल शिवरीनारायण, बी एल सागर संचालक कैरियर पॉइंट किड्स स्कूल बिर्रा , श्यामसुंदर चंद्रा संचालक जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल बिर्रा,रामकिशोर देवांगन शैक्षिक समन्वयक बिर्रा होंगे। कार्यक्रम में प्रथमा , मध्यमा तथा विशारद संवर्ग से कुल 75 प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। प्रतियोगिता का समापन सत्र तथा पुरस्कार वितरण सायं 5 से होगा। तीनों संवर्ग में प्रथम , द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को क्रमशः 2101 रु., 1501 रु.तथा 1101/- रु. एवं स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया जावेगा। गुरुघासीदास संगीत महाविद्यालय हसौद के प्राचार्य के ऑर कश्यप, अध्यक्ष ऑर के सोनवानी , संयोजक मनोज तिवारी ने संगीत प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में पंहुचकर छात्रों का उत्साह वर्धन कर संगीत के प्रचार-प्रसार में सहभागिता निभाने अपील की है।

परीक्षा में चयनित छात्रों को नजदीक से एयरक्राफ्ट देखने को मिलेगा मौका

सक्ती। जिला प्रशासन सक्ती द्वारा जिले के होनहार छात्रों के लिए विशेष एयरपोर्ट भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर के तहत चयनित छात्रों को फाइटर पायलट एवं सिविलियन एयरक्राफ्ट को करीब से देखने तथा कॉकपिट में बैठने का शानदार अनुभव प्राप्त होगा। यह भ्रमण 17 मई (रविवार) को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र भाग ले सकेंगे। चयन प्रक्रिया के तहत सामान्य ज्ञान एवं एप्टीट्यूड आधारित 1 घंटे की बहुविकल्पीय (एमसीक्यूं) ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा 13 मई को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक होगी। परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से ली जाएगी, इसलिए विद्यार्थियों को इंटरनेट सुविधा वाला मोबाइल साथ लेकर आना अनिवार्य होगा। इच्छुक छात्रों को पंजीकरण फॉर्म भरकर जिले में बनाए गए 8 परीक्षा केंद्रों में से अपनी पसंद का केंद्र चुनना होगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह पूरी प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है तथा इसमें किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। ऑनलाइन पंजीयन फॉर्म के माध्यम से भर सकते हैं।

खरसोता में श्रमदान के साथ खेला गया सद्भावना क्रिकेट मैच

सुशासन तिहार में स्वच्छता, सहभागिता और सद्भाव का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिलेभर में आयोजित सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत खरसोता में स्वच्छता, जनभागीदारी और आपसी समन्वय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम एवं सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन आकर्षण का केंद्र रहा। ग्राम पंचायत खरसोता में आयोजित स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनोरा, विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। सभी ने सामूहिक रूप से गांव में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। श्रमदान के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई तथा ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया।

अधिकारियों ने कहा कि, सुशासन तिहार केवल समस्याओं के निराकरण का अभियान नहीं, बल्कि जनसहभागिता और सामाजिक जागरूकता को मजबूत करने का माध्यम भी है। स्वच्छता अभियान में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से गांव में सकारात्मक वातावरण देखने को मिला। इस दौरान ग्राम खरसोता में सद्भावना क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया गया, जो पंचायत विभाग और शिक्षा विभाग की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक खेल का प्रदर्शन किया, वहीं ग्रामीणों ने भी मैच का आनंद लेते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। रोमांचक मुकाबले में पंचायत विभाग की टीम विजेता रही।

सद्भावना क्रिकेट मैच का उद्देश्य विभागीय समन्वय, आपसी सहयोग और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना रहा। खेल के माध्यम से अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों के बीच आत्मीयता और सकारात्मक संवाद का वातावरण बना। सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित इन गतिविधियों ने ग्रामीणों में स्वच्छता, स्वास्थ्य, सामुदायिक सहभागिता और सामाजिक एकजुटता के प्रति नई जागरूकता पैदा की है।

सुशासन तिहारः पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिलेभर में संचालित सुशासन तिहार के अंतर्गत मनोरा जनपद के ग्राम खरसोता-बिछीटोली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया, जहां ग्रामीणों को उनके गांव के समीप स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे पहाड़ी कोरवा परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों की जांच कर आवश्यक दवाइयां वितरित की तथा गंभीर मरीजों को आगे उपचार हेतु आवश्यक सलाह भी दी। महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच पर विशेष ध्यान दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि, दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में इस प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचने से उन्हें काफी राहत मिल रही है। पहले छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, लेकिन अब शिविर के माध्यम से गांव में ही उपचार उपलब्ध हो रहा है। स्वास्थ्य शिविर में पोषण, टीकाकरण, मातृ स्वास्थ्य एवं सामान्य बीमारियों से बचाव संबंधी जानकारी भी दी गई।

आवास योजना के तहत हितग्राहियों को मिली खुशियों की चाबी

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में संचालित सुशासन तिहार में लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसके साथ ही हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। दुलदुला विकास खंड के ग्राम सिमड़ा में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में 4 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की चाबी सौंपी गई। इनमें ग्राम सिमड़ा की जेरोम मयूरचुंदी, बीरबल यादव, करडेगा के टूना राम और जगदीश यादव शामिल हैं। सभी हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि, अब उनको बारिश, धूप से मुक्ति मिल गई। उन्होंने अपने परिवार के साथ प्रधानमंत्री आवास में आनंद के साथ जीवन व्यतीत करने की बात कही।

अधिकारियों-कर्मचारियों व ग्रामवासियों ने किया योगाभ्यास

जशपुरनगर। सुशासन तिहार के अंतर्गत जशपुर जिले के सभी विकास खंडों के चिन्हांकित ग्राम पंचायतों में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर से पूर्व सुबह पाली योगाभ्यास, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण संवर्धन के कार्य और युवाओं के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विगत 8 मई को मनोरा विकास खंड के ग्राम खरसोता में अधिकारियों कर्मचारियों और ग्रामवासियों ने सामूहिक योगा अभ्यास किया और लोगों को नियमित अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करने का आग्रह किया गया। उल्लेखनीय है कि, योग शरीर को स्वस्थ रखने का एक प्रभावी तरीका है। योग करने से शरीर मजबूत बनता है। मांसपेशियां एवं हड्डियां स्वस्थ रहती हैं तथा मानसिक शांति रहती है।

हितग्रहियों को मिला राशन कार्ड

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में संचालित सुशासन तिहार 2026 आमजनता की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है। 'गांव-गांव, द्वार-द्वार' पहुंचने के साथ ही सरकार और प्रशासन सीधे लोगों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं एवं मांगों का निराकरण सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी क्रम में दुलदुला विकास खंड के ग्राम सिमड़ा में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में अधिकारियों ने आवेदन प्राप्त किए और त्वरित निराकरण की दिशा में कार्रवाई की। सुशासन शिविर में 5 हितग्राहियों को राशन कार्ड बनाकर दिया गया। इनमें ग्राम सिमड़ा की अनामिका टोप्पो, मयूरचुंदी की श्रीमती लीलावती गोंड, सेली खेस गीता सिंह शामिल हैं। राशन कार्ड मिलने पर महिलाओं ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि, सुशासन शिविर हमारे लिए बहुत ही उपयोगी साबित हुआ है। जिला मुख्यालय तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी, प्रशासन हमारे गांव के नजदीक पहुंचकर हमारी समस्याओं का समाधान कर दिया।

बिछीटोली सुशासन शिविर में प्राप्त हुए 204 आवेदन

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में सुशासन तिहार के तहत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मनोरा विकास खंड के ग्राम बिछीटोली में विभिन्न विभाग के द्वारा लोगों की मांगों और समस्याओं की जानकारी ली गई। मनोरा विकास खंड के जनपद पंचायत सीईओ रघुनाथ राम ने बताया कि, शिविर में कुल 204 आवेदन प्राप्त हुए हैं। सभी आवेदनों का गंभीरता से निराकरण- शिविर में जशपुर विधायक रायमुनि भगत ने आम नागरिकों को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में उपस्थित रहकर लाभ लेने के लिए कहा, ताकि समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शान्ति भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष परमेश्वर भगत जशपुर एसडीएम विश्वास राव मस्के जनप्रतिनिधि और आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

जामटोली और कुनकुरी में 16 मई को लगेंगे शिविर

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में 'सुशासन तिहार 2026' के तहत जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 16 मई को जशपुर जनपद के ग्राम जामटोली और नगर पंचायत कुनकुरी में शिविर लगाए जाएंगे। शिविर में जामटोली, बडाबनाई, जुरतेला, पुत्रीचौरा, पिलखी, साईटागरटोली, पोड़ी, लोदाम, बाम्हनपुरा, चौलीटांगरटोली, पोरतेंगा, झोलंगा, जकबा, लोखंडी के ग्रामीण अपनी समस्याओं के आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। कुनकुरी नगरीय निकाय में 16 मई को शिविर- कुनकुरी नगरीय निकाय में 16 मई को शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नगर पंचायत कुनकुरी के वार्ड क्र 1 से 15 तक के नागरिक शिविर का लाभ ले सकेंगे। पूर्व में यह शिविर 11 मई को रखा गया था, जिससे संशोधित करके 16 मई किया गया है। सुशासन तिहार के अंतर्गत नागरिक लिखित रूप में अपने आवेदन शिविरों में देंगे, जिनका मौके पर निराकरण किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि, वे अपने क्षेत्र के संबंधित शिविर में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत करें।

विद्यार्थी विज्ञान मंथन के स्टेट कॉर्डिनेटर नियुक्त हुए विवेक

जशपुरनगर। विवेक पाठक, विद्यार्थी विज्ञान मंथन के स्टेट कॉर्डिनेटर नियुक्त किए गए हैं। विद्यार्थी विज्ञान मंथन वैज्ञानिक शिक्षा के प्रसार हेतु पूरे देश में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु अपनी विशिष्ट पहचान रखती है। विज्ञान भारती, इसरो, नीति आयोग, एनसीईआरटी एवं कई अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर यह भारत की सबसे बड़ी डिजिटल बेस्ड विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन भी करती है। पिछले दिनों जशपुर जिले के छात्रों ने पूरे प्रदेश में सर्वाधिक संख्या में नाम रजिस्टर्ड कराया तथा राज्य स्तरीय कैंप तक भी पहुंच सके। जिला एवं संभाग समन्वयक के रूप में विवेक पाठक ने जिला प्रशासन के साथ सहयोग करते हुए छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने में सहयोग दिया था। इसके अतिरिक्त जिले के छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास हेतु भी विवेक पाठक ने लगातार प्रयास किए हैं। विज्ञान भारती तथा छत्तीसगढ़ शासन के मध्य एमओयू- प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी कई अवसरों पर विवेक पाठक की सराहना की है। विवेक पाठक ने बताया कि, जिले में विज्ञान भारती तथा छत्तीसगढ़ शासन के मध्य एमओयू भी हुआ है जिससे विद्यालयों में विज्ञान संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से अंतरिक्ष विज्ञान संबंधी जागरूकता के क्षेत्र में भी विशेष वातावरण का निर्माण हुआ है।

रेत का अवैध परिवहन करते 4 वाहन जब्त, अवैध भंडारण पर भी कार्रवाई

सक्ती। रेत के अवैध भंडारण और परिवहन पर खनिज विभाग की उडनदस्ता टीम ने कार्रवाई की है। रेत का अवैध परिवहन करते 4 ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। वहीं दो स्थानों पर अवैध रूप से भंडारित रेत के भी जब्ती की कार्रवाई की गई है। सक्ती जिले में रेत के अवैध कारोबार पर लगाम कसने प्रशासन की टीम इन दिनों मुस्तैद हो गई है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग उड़नदस्ता द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की जांच और कार्यवाही की जा रही है।

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

जशपुरनगर। बढ़ती महंगाई और बदहाल बुनियादी ढांचों के मुद्दे पर सियासत एक बार फिर गरमा गई है। नगर के बस स्टैंड स्थित मंच पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ एक दिवसीय जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने 'डबल इंजन' की सरकार को आड़े हाथों लेते हुए जमकर प्रहार किए और चेतावनी दी कि यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो यह आंदोलन और उग्र रूप धारण करेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं प्रदेश कांग्रेस महामंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य आरती सिंह ने सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि, जनता महंगाई की चक्की में पिस रही है और शासन-प्रशासन जमीनी हकीकत से मुंह मोड़े बैठा है। सभा को संबोधित करते हुए हंसराज अग्रवाल और अजित साय ने भी सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और कहा कि जनता अब बदलाव की ओर देख रही है। एनएच-43 की बदहाली पर सरकार को घेरा- प्रदर्शन के दौरान नेशनल हाईवे-43 की खस्ताहाली का मुद्दा सबसे प्रमुख रहा। पूर्व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि शर्मा ने शासन को सीधी चेतावनी देते हुए कहा, बरसात सिर पर है और कुनकुरी से बनगांव के बीच नेशनल हाईवे लंबी खाई में तब्दील हो चुका है। काम बंद पड़ा है और लोग जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे हैं। अगर प्रशासन ने समय रहते संज्ञान नहीं लिया, तो हम उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

15 दिवसीय 'पशु सखी' प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

जशपुरनगर। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जशपुर नगर में 15 दिवसीय 'पशु सखी' प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार एवं आरसेटी निदेशक अरुण अविनाश मिंज के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला पंचायत जशपुर से गया चौरसिया, पशु चिकित्सालय विभाग से डॉ खेम करण सिंह शांडिल, आरसेटी के फैकल्टी पंकज कुमार मिश्रा सहित संस्थान के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत प्रतिनिधि गया चौरसिया ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, प्रशिक्षण को गंभीरता एवं लगन के साथ ग्रहण करें, ताकि वे पशुपालन एवं पशु उपचार से जुड़ी आवश्यक जानकारियों में दक्ष होकर ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर सेवाएं दे सकें। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को अपने कार्य की गरिमा बनाए रखते हुए स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पशुपालन, पशुओं की देखभाल, प्राथमिक उपचार, टीकाकरण, पोषण एवं पशु स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की जाएंगी। संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि, इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को रोजगारोन्मुख बनाकर आर्थिक रूप से सशक्त करना है।

एक दिव्यांग सहित हिन्दू एवं ईसाई जोड़ों का विवाह

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 65 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत शुक्रवार को जिले के विभिन्न परियोजना क्षेत्रों में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 65 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम में हिन्दू एवं ईसाई दोनों समुदायों के जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।

विशेष बात यह रही कि परियोजना बगीचा में एक दिव्यांग जोड़ा भी विवाह समारोह में शामिल हुआ, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। परियोजना बगीचा में 13 हिन्दू एवं 07 ईसाई सहित कुल 20 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देने जिला पंचायत सदस्य मोनिका टोप्पो, आशिका कुजूर, जनपद अध्यक्ष गायत्री नागेश, जनपद उपाध्यक्ष अरविन्द गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिदाम, मुकेश शर्मा, सैनिक बोर्ड अध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता, जनपद सदस्य सविता नागेश, सीईओ जनपद पंचायत बगीचा, बीईओ बगीचा एवं बीआरसीसी संयोजक बगीचा उपस्थित रहे। परियोजना कांसाबेल में 9 हिन्दू एवं 3 ईसाई कुल 12 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सरिता भगत, जनपद उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, सुनील गुप्ता, पूर्व जनपद अध्यक्ष मोतीलाल भगत, जनपद सदस्य शिप्रा दास, सरपंच कांसाबेल अनिल खलखो, उपसरपंच अमित अग्रवाल, पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, वरिष्ठ सदस्य अनूप कश्यप एवं संजय सिंह उपस्थित रहे। इसी प्रकार परियोजना बागबहार में 6 हिन्दू एवं 26 ईसाई कुल 32 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में आनंद शर्मा, मनी मुन्नी अग्रवाल, मीना चौहान, चन्द्रचूर्ण बंजारा, जनपद सदस्य एवं बाल विकास समिति सदस्य कलम विश्वकर्मा, प्रितम शर्मा, पदमनी परहा, सुमित्रा पैंकरा एवं जनपद सदस्य कुमारी नाग उपस्थित रहीं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े के लिए 50 हजार रुपए की सहायता राशि का प्रावधान किया गया है। इसमें 8 हजार रुपए आयोजन व्यय, 7 हजार रुपए की उपहार सामग्री तथा वधु को 35 हजार रुपए का चेक एवं वैवाहिक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान नवदंपत्तियों को सुखमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

नारकोटिक व एंटीबायोटिक दवाओं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

जशपुरनगर। 'सही दवा-शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार' अभियान के तहत नारकोटिक एवं एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित जनजागरूकता अभियान के 12वें दिन औषधि विभाग जशपुर की टीम ने स्वापक एवं मनःप्रभावी औषधियों तथा एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जशपुर जिले के शासकीय राम भजन राय एनईएस पीजी कॉलेज एवं शासकीय प्रशिक्षण संस्थान जशपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षणार्थियों को बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवाओं के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों, एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस की बढ़ती समस्या तथा नारकोटिक दवाओं के दुरुपयोग से होने वाले सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों की जानकारी दी गई।

खबर संक्षेप

किसानों से लिए शुल्क की राशि वापस दिलाने की मांग

राजपुर। धान खरीदी के दौरान किसानों से तौलाई, भराई, सुतली एवं पलटी करने के लिए गए शुल्क की राशि वापस दिलाने की मांग को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर बलरामपुर जिले की सभी समितियों में किसानों से ली गई राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष जिले की विभिन्न समितियों के माध्यम से लाखों क्विंटल धान की खरीदी की जाती है। धान बेचने के लिए जब किसान खरीदी केंद्रों में पहुंचते हैं, तब उन्हें धान की तौलाई, भराई, पलटी तथा सुतली सहित अन्य कार्यों के लिए अलग से राशि देनी पड़ती है। समिति प्रबंधकों द्वारा किसानों को यह आश्वासन दिया जाता है कि उक्त राशि बाद में उनके खाते में वापस कर दी जाएगी, लेकिन अधिकांश किसानों को आज तक यह भुगतान नहीं मिल पाया है। मुकेश गुप्ता ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जिले की सभी सहकारी समितियों की जांच कराई जाए तथा किसानों से तौलाई, भराई और अन्य मदों में ली गई राशि का सत्यापन कर उसे सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा कराया जाए।

फांसी लगाने से गंभीर युवक की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। युवक ने अज्ञात कारण से अपने कमरे में फांसी लगा लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम मोहरा निवासी सुदर्शन आ. इंदर (25 वर्ष) 4 मई की देर रात घर आया और कमरे में सो गया। इसी बीच देर रात युवक अपने कमरे में कपड़ा के सहारे फांसी लगा लिया। घटना को देख मां ने शोर मचाई तो परिजन किसी तरह उसे फांसी से उतार तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। परिजन ने पुलिस को बताया कि युवक अक्सर देर रात घर आता था। 4 मई को भी देर रात घर आया और सो गया था। इसी बीच अज्ञात कारण से फांसी लगा लिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर की हुई मौत

बिश्रामपुर। जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कमलपुर में अंकित मंडल के यहां सपरिवार रहकर मजदूरी करने वाले उदयपुर थाना निवासी 35 वर्षीय युवक अमरजीत बिंझिया पिता माझी बिंझिया की शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई,पुलिस ने सूचना पर शव का पंचनामा करने पश्चात मर्ग कायम किया है,पुलिस ने बताया कि मृतक शराब सेवन करने का आदि था,वह कमलपुर निवासी अंकित मंडल के यहां सपरिवार रहकर मजदूरी करता था,कल उसने शराब के नशे की हालत में पत्नी से विवाद किया जिसके बाद उसकी पत्नी अपने रिश्तेदार के यहां रहने अंबिकापुर चली गई है। शुक्रवार की प्रातः उसकी अचानक तबियत खराब होने के कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई,रिपोर्ट पर पुलिस ने शव पंचनामा के बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया है जिसकी रिपोर्ट मिलने पश्चात ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

सावंत सरना ग्राम पंचायत डीपाडीहकला में शिविर 11 को

बलरामपुर। जिले में चल रहे सुशासन तिहार समाधान शिविर विकासखण्ड शंकरगढ़ के सावंत सरना ग्राम पंचायत डीपाडीहकला में 2 जून को निर्धारित किया गया था। उक्त शिविर में संशोधित करते हुए 11 मई को निर्धारित की गई है। शिविर में ग्राम पंचायत डीपाडीह कला, अय्यारी, चांगरो, बाढा, कोदवा, रेहडा, देवसराकला, उदरसई, कृष्णनगर, कोटालू, उमको, करमीउरांवटोली, घुघरीकला, कोठली, नवाडीह के ग्रामीण लाभान्वित होंगे।

रिजर्व फॉरेस्ट पर किया गया था कब्जा, 2021 में 54 लोगों को जारी हुआ था नोटिस

महामाया पहाड़ के डबरीपानी में चला बुलडोजर, 21 मकान जमींदोज

35 ले आए स्टे ऑर्डर, एक के पास मिला वन अधिकार पत्र, रात के अंधेरे में नोटिस चस्पा करने का हुआ विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

शुक्रवार की सुबह शहर महामाया पहाड़ के बधियाचुआं डबरीपानी में वन विभाग का बुलडोजर चला। वन विभाग ने कब्जा कर बनाए गए मकानों को तोड़ने के साथ ही वनभूमि को कब्जामुक्त कराने का कार्य किया गया। इस कार्रवाई में वन विभाग के साथ राजस्व और पुलिस विभाग की टीम शामिल रही। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। टीम को लोगों के विरोध का भी सामना करना पड़ा लेकिन बारी भारी पुलिस बल की मौजूदगी में लोगों के घरों को खाली कराने के साथ ही उनपर बुलडोजर चलाया गया। दिनभर चली कार्रवाई के बाद टीम ने 21 मकानों को जमींदोज कर दिया। इनमें 18 पुराने कब्जाधारी के साथ ही 3 नए कब्जाधारी भी शामिल है। वहीं पूर्व डिप्टी सीएम ने कार्रवाई को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि उन बिचौलिए पर भी कार्रवाई होनी चाहिए जिन्होंने लाखों रूपए लेकर शासकीय भूमि का कब्जा बेचा इसके साथ ही उन अधिकारी कर्मचारियों की जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए जिन्होंने कब्जा होने दिया।

बता दें कि शहर के महामाया पहाड़ पर बड़ी संख्या में लोगों ने कब्जा कर अवैध रूप से मकानों का निर्माण किया गया है। महामाया पहाड़ पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए वर्षों से पहल चल रही है और इस बीच वन विभाग ने महामाया पहाड़ के बधियाचुआं डबरीपानी क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस कार्रवाई के तहत रिजर्व फारेस्ट 2582 में किए गए कब्जा को हटाने के लिए गुरुवार की रात के अंधेरे में लोगों के घरों में नोटिस चस्पा किया गया था। नोटिस चस्पा करने पहुंची वन विभाग की टीम को स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों के विरोध का सामना करना पड़ा था इसके साथ ही क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। नोटिस चस्पा होने के बाद लोगों ने रातभर खुले आसमान के नीचे गुजारी। वहीं अल सुबह वन विभाग के साथ ही राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की टीम भारी दलबल के साथ मौके पर पहुंची थी। अतिक्रमण हटाने के लिए टीम के पहुंचते ही हडकंप मच गया और लोग अधिकारियों के सामने मिन्नतें करते नजर आए लेकिन अधिकारियों ने लोगों की एक नहीं सुनी। एसडीओ श्वेता कंबोज, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, एसडीएम बन सिंह नेताम, एसडीओ श्रीमती जेनी ग्रेस कुजूर, रेंजर आशीष कुमार देवांगन के नेत्रित्व में पहुंची टीम ने लोगों को जल्द से जल्द अपना अपना मकान खाली करने की अंतिम चेतावनी दी। अंतिम चेतावनी के बाद लोगों में अफरा तफरी मच गई। बरसों से पाई पाई जमा कर अपना आशियाना बसाने वाले लोगों को घरों को खाली किया। मकानों के खाली होने के बाद वन विभाग ने अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया। जेसीबी मशीनों की मदद से रिजर्व फारेस्ट की भूमि पर किए गए कब्जा को मुक्त कराया गया। देर शाम तक चली कार्रवाई के दौरान टीम ने कुल 21 मकानों को जमींदोज कर दिया।

54 को नोटिस, 35 ले आए स्टे

बताया जा रहा है कि वन विभाग ने आरएफ 2582 डबरीपानी में कुल 54 अतिक्रमणकारियों को वर्ष 2021 में नोटिस जारी किया था इसके साथ ही उन्हें अंतिम नोटिस 29 जुलाई 2021 को जारी किया गया और उसके बाद से ही अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की तलवार लटक रही थी। इस बीच वन विभाग द्वारा भारतीय वन अधिनियम की धारा 80 'अ' के तहत अंतिम बेदखली आदेश 17 जनवरी 2025 को जारी किया था। इस नोटिस के बाद 54 में से 34 अतिक्रमणकारी हाईकोर्ट का नोटिस ले आए थे। इन अतिक्रमणकारियों ने खुद को वन अधिकारी पत्र के लिए पात्र बताते हुए आवेदन किया है और इनके प्रकरण लम्बित है। वहीं कार्रवाई के दौरान एक अतिक्रमण कारी ने हाईकोर्ट का स्टे पेश किया जबकि एक के पास वन अधिकार पत्र था। ऐसे में इन दो मकानों को भी छोड़ दिया गया जबकि शेष 18 मकानों को वन विभाग ने जमीदोज किया। वहीं जिन लोगों के वन अधिकार पत्र के प्रकरण लंबित है उनका निर्णय पात्रता के निर्धारण और सुनवाई के बाद किया जाएगा।

जिन्होंने कब्जा बेचा उनपर भी हो कार्रवाई: सिंहदेव

वन विभाग द्वारा की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की लापरवाही के कारण ऐसी स्थिति बनती है और अतिक्रमण का क्रम चलता है। भू माफिया इस तरह के कारोबार में लिप्त होते है वो कब्जा बेचते है और यह प्रशासनिक अधिकारियों की जानकारी व मौन सहमती के बिना नहीं हो सकता है।

हटाए गए हैं 21 अतिक्रमण

रिजर्व फॉरेस्ट के कक्ष क्रमांक 2582 में 54 लोगों ने अतिक्रमण किया था और सभी को अंतिम बेदखली नोटिस एक साल पहले ही जारी किया गया था। इनमें से 34 लोगों ने हाईकोर्ट से स्टे लाया था। कार्रवाई के दौरान एक अन्य ने स्टे ऑर्डर और एक ने वन अधिकार पत्र प्रस्तुत किया। मौके पर तीन नए अतिक्रमण भी पाए गए। इस तरह 18 पुराने और 3 नए कुल 21 मकानों को तोड़कर कब्जा मुक्त कराया गया है। कार्रवाई के लिए दिन के समय में ही अलाउंसमेंट कराया गया था। भविष्य में शेष बचे लोगों में जो पात्र नहीं होने उनपर भी कार्रवाई करेंगे।

अभिषेक जोगावत, डीएफओ सरगुजा

कार्रवाई के बीच हो गए तीन नए अतिक्रमण

कार्रवाई के दौरान यह बात भी सामने आई कि तीन नए अतिक्रमण भी किए गए है। वन विभाग ने इन तीन नए अतिक्रमण को भी हटाया गया लेकिन बड़ा सवाल यही है कि जब 2021 से महामाया पहाड़ पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है तो फिर नया अतिक्रमण कैसे हो गया। सवाल उठाए जा रहे है कि जिस समय नया अतिक्रमण किया जा रहा था उस समय जिम्मेदार अधिकारी कहां थे और उन्होंने समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की और अतिक्रमण को होने दिया।

रात में चस्पा किए गए नोटिस

बड़ी बात यह है कि वर्षों से चल रही अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया के दौरान कब्जाधारियों को मकान खाली करने के लिए नोटिस चस्पा करने का काम गुरुवार की रात को किया गया। वन विभाग की टीम रात के समय नोटिस लेकर पहुंची थी और लोगों के मकानों पर चस्पा कर रही थी। इस दौरान कुछ लोगों ने इसकी सूचना कांग्रेस नेता सतीश बारी को दी। सूचना के बाद पूर्व पार्षद सतीश बारी व अन्य मौके पर पहुंचे और रात के समय नोटिस चस्पा किए जाने पर वन विभाग के लोगों से सवाल किया।

सटीक नक्शा तैयार कर करें जनगणना का कार्य : पिंगुआ

अम्बिकापुर। शुक्रवार को सरगुजा के प्रवास पर पहुंचे अपर मुख्य सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मनोज कुमार पिंगुआ ने जिले में चल रहे जनगणना कार्य की समीक्षा की। अपर मुख्य सचिव श्री पिंगुआ ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। अम्बिकापुर शहरी क्षेत्र में ईरानी बस्ती वार्ड क्रमांक 25, रामानुज वार्ड क्रमांक 33 तथा ग्रामीण क्षेत्र में चठीरमा पहुंचकर उन्होंने प्रगणकों द्वारा किए जा रहे सर्वे कार्य की जानकारी ली तथा घर-घर जाकर किए जा रहे मकान सूचीकरण की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने प्रगणकों द्वारा तैयार नक्शों का अवलोकन करते हुए कहा कि सटीक नक्शा तैयार कर जनगणना कार्य करें। उन्होंने अब तक की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए सभी जानकारी नागरिकों की सहमति से सटीक रूप से दर्ज की जाए। उन्होंने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रगणकों को नागरिकों से विनम्र संवाद स्थापित करने, गोपनीयता बनाए रखने तथा प्रत्येक जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करने कहा ।

- अपर मुख्य सचिव ने किया जनगणना कार्यों का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित महिला चिकित्सक के घर चोरी

बिश्रामपुर। बिश्रामपुर पुलिस ने ऑफिसर कॉलोनी स्थित 2ए क्वार्टर नंबर 39 में महिला चिकित्सक के घर हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है,आरोपी ने नगदी रकम चोरी करने के साथ-साथ दो मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को भी स्वीकार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार एसईसीएल केंद्रीय अस्पताल बिश्रामपुर में पदस्थ सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. शुभांगी वर्मा ने 7 अप्रैल को थाना बिश्रामपुर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी,उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल की शाम वह इमरजेंसी ड्यूटी के लिए घर के दरवाजे में ताला लगाकर गई थीं,अगले दिन सुबह करीब 7:30 बजे ड्यूटी से लौटने पर घर का गेट खुला मिला और दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर रखे पर्स से लगभग 40 हजार रुपये नकद चोरी हो चुके थे,रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स भविष्य की सबसे प्रभावशाली तकनीक

अंबिकापुर। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय द्वाराहैंड्स ऑन प्रैक्टिसेस ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर आयोजित पाँच दिवसीय कार्यशहला के अंतिम दिन कार्यशाला के उद्देश्य,युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग तथा आधुनिक डिजिटल तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला में कुलपति प्रो. राजेन्द्र लाकपाले ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य की सबसे प्रभावशाली तकनीकों में से एक है और आने वाला समय पूरी तरह एआई आधारित होने जा रहा है।भविष्य में संभव है कि अधिकांश

कक्षाओं की शिक्षण व्यवस्था एआई संचालित हो जाए और विश्वविद्यालय केवल पारंपरिक शिक्षा केंद्र न रहकर आईटी हब के रूप में विकसित हों। उन्होंने विद्यार्थियों से नई तकनीकों को सीखने, डिजिटल कौशल विकसित करने तथा शोध और नवाचार के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। कुलपति ने कहा कि एआई केवल एक तकनीक नहीं बल्कि भविष्य की आवश्यकता है और जो युवा समय के साथ स्वयं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाएंगे, वही आने वाले समय में सफलता प्राप्त करेंगे। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. आलोक कुमार कुशवाहा ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और आधुनिक तकनीकी विकास के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत देवगढ़ में कार्यक्रम 11 को

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष 11 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2027 की अवधि के लिए एक वर्षव्यापी राष्ट्रीय स्मरणोत्सव के रूप में गतिविधियों का आयोजन ग्राम पंचायत, ब्लॉक और तहसील स्तर से लेकर जिला और राज्य स्तर तक सभी शिवालयों (शिव मंदिरों) में भक्तिपूर्ण, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जा रहा है। जिपं सीईओ एवं ज्ञानभारतम के नोडल अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल ने बताया कि 11 मई को सोमनाथ में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में एक विशेष राष्ट्रीय शिखर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में सरगुजा जिले में भी सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आयोजन का सीधा प्रसारण करने हेतु व्यापक रूप से तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम 11 मई को सरगुजा जिले के तहसील उदयपुर में ग्राम देवगढ़ के प्राचीन शिवमंदिर में आयोजित है। कार्यक्रम के सीधा प्रसारण के साथ-साथ भक्तिपूर्ण सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों का आयोजन विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में भी सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष के अंतर्गत संवाद, सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा अन्य सहभागितापूर्ण गतिविधियां आयोजित किए जाएंगे।

सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकराया ट्रेलर, वाहन में फंसे चालक की मौत

अम्बिकापुर। एनएच 130 जोगी बांध के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रेलर के पीछे ट्रेलर वाहन के टकरा जाने से वाहन में फंसे चालक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के गाजीपुर अंतर्गत थाना मरहा केलही निवासी उपेन्द्र कुमार आ. विजय (31 वर्ष) पिछले दो साल से रतनपुर में नवीदात के यहा ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीएल 6250 को चलाने का काम करता था। 5 मई को बिलासपुर महान खदान 3 से प्रतापपुर जाने के लिए निकला था। चालक जैसे ही वाहन लेकर एनएच 130 जोगीबांध के समीप पहुंचा तभी सड़क किनारे खड़े ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 ईसी 5740 के पीछे जा टकराया। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक वाहन में ही फंस गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच लोगों की मदद से किसी तरह घायल चालक को बाहर निकाला और मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चालक की गुरूवान की शाम उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

विभिन्न पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
(एन ई. आर. डी. सी. एजुकेशनल काउंसिल बिलासपुर छ.ग.)
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान) (रजि.U85499CT2023NPL015-480)

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन पाठ्यक्रमों में 12वी के प्राप्तांको के अनुसार (एन.ई.आर.डी.सी.) एजुकेशनल काउंसिल संचालित विभिन्न सहयोगी पाठ्यकमों मे (सत्र 2026-27) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

उपलब्ध विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के नाम

D.M. L.T.	W.B.A.	M.P.H.W.	C.O.T.	G.D.A.	E.M.T.	C.O.D.	DIALYSIS
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन	वार्डबाय असिसटेंट	मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर	सर्टिफिकेट इन आपरेशन टेक्निशियन	जनरल ड्यूटी असिसटेंट	इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन	सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर	डिप्लोमा डायलिसिस टेक्निशियन

आवेदन हेतु 12वी कक्षा मे न्युनतम प्रतिशत:- 40% .विकलागं/सैनिक/स्व.संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

नोट:-
1. आवेदक .निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूण विवरण स्पष्ट रूप से भरे। साथ ही 25 रू का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफा में अपना स्वय का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विधार्थी सत्र 2026 में 12वी उत्तीर्ण किये है वह विधार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकता है।
3. चयनित उम्मीदवारो को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिग हेतु पात्र होगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विधार्थी आवेदन कर सकते है।

* आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि: 30.06.2026 तक
* कार्यालय का पता:- NERDC एजुकेशनल काउंसिल बिलासपुर छ.ग. (भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान) पिन- 495001

प्रति,
संचालक,
NERDC एजुकेशनल काउंसिल
मध्यनगरी चौक बिलासपुर छ.ग
महोदय,

पासपोर्ट साइज फोटो

.....(पाठ्यकम का नाम) मे चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।

1. आवेदक का नाम .....
2. पिता/पति का नाम.....
3. जन्म तिथि अंको मे.....
4. अनु.जाति/अनु.जनजाति/पिछडा वर्ग / सामान्य.....
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित.....
6. मो.न.....व्हाट्सएप नंबर.....
7. शैक्षणिक योग्यता.....

क्र.	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	उत्तीर्ण वर्ष	कुल अंक	प्राप्तांक	प्रतिशत

NERDC EDUCATIONAL COUNCIL BILASPUR (C.G.) 495001

पांगन नदी महुआ घाट में अवैध रेत उत्खनन, ग्रामीणों में आक्रोश

रामानुजगंज। विकासखंड रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम पचावल स्थित पांगन नदी के महुआ घाट से पोकलेन मशीन लगाकर अवैध रेत उत्खनन करने का मामला सामने आया है। लगातार हो रहे अवैध उत्खनन को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर दिन-रात नदी से रेत निकाला जा रहा है जिससे नदी का स्वरूप बिगड़ रहा है और पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि भारी मशीनों के उपयोग से नदी के किनारों का कटाव बढ़ गया है तथा आसपास के क्षेत्रों में जलस्तर प्रभावित होने की

आशंका बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि अवैध उत्खनन के कारण ग्रामीण मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और लगातार भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर अवैध उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।इस संबंध में खनिज विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों से लगातार कार्रवाई की मांग उठ रही है वहीं क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संबंध में एसडीएम आनंद राम नेताम ने बताया कि पांगन नदी से अवैध रेत उत्खनन होने का मामला संज्ञान में आया है।मामले की जांच कराने के साथ ही दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिला स्तरीय सम्मेलन में किया गया सम्मानित

श्रमिकों के बिना विकास की परिकल्पना संभव नहीं- सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

निर्माण श्रमिकों के सशक्तिकरण और उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से सांसद चिंतामणि महाराज के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान सांसद श्री चिंतामणि ने कहा कि श्रमवीरों के सच्चे सम्मान के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है।

राज्य सरकार द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन में सुशासन और

पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के बिना विकास की परिकल्पना भी संभव नही है। शासन के कुशल नेतृत्व में श्रमिकों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई है। जिनके बेहतर क्रियान्वयन से श्रमिक को लाभ मिल रहा है। प्रदेश सरकार सभी वर्ग के हितों के विकास के दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने श्रमिकों को पंजीयन कर योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। जनपद अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा चेरवा ने कहा कि श्रमिकों की मेहनत और समर्पण के कारण ही विकास कार्यों को गति मिल रही है तथा देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर ने कहा कि देश के विकास में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है और श्रमिकों के हितों की रक्षा, उनके सम्मान, आर्थिक सुरक्षा एवं सामाजिक संरक्षण के लिए श्रम विभाग निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में असंगठित एवं संगठित श्रमिकों को श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के कल्याण के लिए महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री नौनिहाल सुरक्षा योजना, नौनिहाल शिक्षा एवं छात्रवृत्ति योजना, श्रमिक सियान सहायता योजना, दिव्यांग सहायता योजना, निःशुल्क गणवेश वितरण तथा प्रसूति सहायता योजना जैसी अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

खबर संक्षेप

बरमकेला में तीन दिवसीय ग्रंथ कथा

कोसीर। पनिका समाज बरमकेला के दारा बस्ती में तीन दिवसीय कबीर ग्रंथ कथा का आयोजन किया गया। जो कि पुरी विधान के साथ श्रद्धा भाव के साथ सम्पन्न हुआ जिसके प्रथम दिन बिशाल भव्य कलश यात्रा के साथ प्रांरभ हुआ। जिसमें नगर सहित आस पास गावं के समाज के लोगो ने भारी संख्या मे उपस्थित होकर कार्य क्रम की शोभा को बढाया उसके पश्चात विधि विधान से पूजा पाठ करते हुऐ आगे कार्य क्रम को बढावा दिया। जिसके उपरांत लगातार तीन दिनों तक समाज के अनुयायी साहेब कबीर जी का अमृत रुपी कथा प्रवचन का सूनकर सभी ने आंनद उठाया और भाव विभोर हुए नगर वासी व समाज के लोग भारी संख्या मे उपस्थित रहे और कथा श्रवण कर सराहना किया और कहा ऐसे ही कथा प्रवचन होते रहना चाहिए जिससे लोगो के मन भक्ति पूर्ण बनी रहती है इस तरह इस विशेष कार्य क्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोहर नायक पाषद व मुख्य अतिथि डा बरदास मंहत वहीं विशिष्ट अथिति डां रामदास मंहत सरिया से नारायण दास मंहत सिंगारपुर से मनोहर दास मंहत शौकी दास मंहत बरमकेला से वही अगरदास दिवान अध्यक्ष सारंगढ़ से उपस्थित रहे।

रासायनिक खाद के लिए किसानों को नहीं दिक्कत

सारंगढ़। सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में उर्वरक वितरण और विक्रय को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट है। राज्य में सहकारी एवं निजी केंद्रों में उर्वरकों के विक्रय, वितरण पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं है। कृषको की भूमि धारिता एवं फसल अनुसार वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुरूप सहकारी एवं निजी विक्रय केन्द्रों से संतुलित मात्रा में उर्वरको का वितरण, विक्रय पॉस मशीन के माध्यम से ही सुनिश्चित कराने के संबंध में मैदानी अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि उर्वरक वितरण में पारदर्शिता बनी रहे। जिले के उप संचालक कृषि को निर्देशित किया गया है कि वे निजी उर्वरक विक्रेताओं द्वारा वास्तविक कृषकों को ही उर्वरक का वितरण सुनिश्चित कराएं। उर्वरक वितरण के समय कृषक का नाम, आधार नंबर, जोत का रकबा, फसल का नाम जिसके लिए उर्वरक क्रय किया जा रहा है, उर्वरक की मात्रा संधारित करना अनिवार्य होगा।

पट्टा वितरण में सरकार चला रही है दुकानः शाखा

रायगढ़। केलो विहार कॉलोनी पट्टा वितरण को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस का कहना है कि केलो विहार कालोनी का भूमि आवंटन अविभाजित मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ 1993 में तत्कालीन कलेक्टर हर्षमंदर सिंह ने शहर के प्रथम कालोनी बसाहट की परिकल्पना को साकार करने की सकारात्मक सोच की दृष्टि से शासकीय कर्मचारियों को 10 रुपए प्रति वर्ग फुट पर भूमि आबंटित किया गया था जिसे सभी हितग्राहियों ने राशि जमाकर अधिकार पत्र भी प्राप्त कर लिया था। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शाखा यादव ने कहा कि भूमि का आवंटन 1993 में हो चुका है जिसका अधिकार पत्र भी हितग्राहियों को दिया जा चुका है फिर अब उसी भूमि को 30 वर्ष के लीज पर 400 प्रति वर्ग फुट की दर पर देना हितग्राहियों के साथ नाइंसाफी है। क्योंकि 30 वर्ष बाद आगामी दर अनुसार हितग्राहियों से लीज नवीनीकरण के नाम पर फिर भारी भरकम राशि वसूली जाएगी। जब 1993 में भूमि आवंटित किया गया तब स्थायी पट्टा के अनुरूप भूमि का अधिकार पत्र दिया गया था तब लीज पट्टा प्रदान करने का कोई उल्लेख नहीं था पर अब भाजपा सरकार की नीयत में खोट नजर आ रही है। सरकार उन सरकारी कर्मचारियों के जेब में मेहनत की गाढ़ी कमाई पर डाका डालना चाहती है जो अपने सेवा काल के दौरान कहीं से कर्ज लेकर व वेतन के पैसे से बमुश्किल अपने बच्चों का लालन पालन करते हुए पढ़ाए लिखाए हैं और अब वृद्धावस्था की शारीरिक अक्षमतावश इलाजरत हैं।

राहत एवं आपदा मंत्री ने जल संरक्षण और पौधारोपण को बढ़ावा देने का निर्देश

सुशासन तिहार में प्रभारी मंत्री ने की जिले के कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

शिविर में लगे स्टॉलों का जायजा और सामग्री वितरण करते राजस्व मंत्री।

राजस्व, राहत एवं आपदा और जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने सुशासन तिहार में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सारंगढ़ में जिले के विकास कार्यों का समीक्षा बैठक लिया। सभी विभागों के अधिकारियों ने विभागवार अपने विभाग की योजनाओं का लक्ष्यए उपलब्धि और लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं कर पाने के कारण की जानकारी दीं। बैठक में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय सहित जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में जिस योजनाओं और गतिविधियों पर समीक्षा हुआ उनमें एग्रीस्टेक में सभी किसानों का पंजीयन, जिले में पेट्रोल डीजल, खाद, बीज की उपलब्धता और भंडारण, पीएम आवास, पेयजल, जिला खनिज न्यास मद के 613 परियोजना में 203 कार्य पूर्ण, पीएम उज्जवला गैस, पीएम सूर्य घर, महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों का ईकेवायसी, टीबी मुक्त पंचायत, बच्चों का टीकाकरण, पीएम किसान सम्मान निधि, जिले के अस्पतालो में स्वास्थ्य सुविधा आदि शामिल थे।

प्रभारी मंत्री ने बैठक में अधिकारियों को एग्रीस्टेक में किसान पंजीयन और महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों का ईकेवायसी कार्य को समय के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन अभियंता रमाशंकर कश्यप से पूछा किए जिले में ऐसे कितने गांव है, जहाँ पानी की समस्या है और समस्या को दूर करने क्या उपाय किए गए। अधिकारी ने कहा किए जिले के 360 गांव में पानी की उपलब्धता है, जिले में 6 गांव है जहां भू जल स्तर कम होने के कारण वहां बोर खनन करने पर पानी नहीं मिला, वहां वैकल्पिक व्यवस्था में जितने चालू बोरिंग है वहां से और सारंगढ़ शहर में पानी नगरपालिका के टैंकर से उपलब्ध कराया जा रहा है। मंत्री ने कानून व्यवस्था, गांजा अफीम, अवैध शराब बिक्री, भंडारण, तस्करी पर रोकथाम की कार्रवाई की जानकारी ली। राजस्व मंत्री ने कहा कि गर्मी में वाटर लेवल कम हो जाता है। पेयजल समस्या को दूर करने का एक ही उपाय है और वह है जल संरक्षण। जल संरक्षण और पौधारोपण को बढ़ावा देने के कदम उठायें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा है कि प्रत्येक गरीब परिवार में समृद्धि आये। कोई भी नागरिक छोटे छोटे काम के लिए परेशान न हो। प्रभारी मंत्री ने कहा कि गांव गांव, जन जन तक सरकार की योजनाओं को ले जाने में हितग्राहियों को लाभ देने में सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का योगदान होता है। सरकार की मंशा है कि सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिलें। सुशासन तिहार में विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें, मौके पर आवेदनों का निराकरण करें।

हितग्राहियों को मिला प्रमाण पत्र, चेक और ट्रेक्टर की चाबी

सारंगढ़। सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन शुक्रवार को सरसीवा तहसील के ग्राम पंचायत झुमका में किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के राजस्व और उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। उन्होंने सभी स्टालो में जाकर ग्रामीणों के आवेदन प्राप्ति और निराकरण को जाना। शिविर में 2310 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 272 आवेदन का निराकरण मौके पर किया गया।
कार्यक्रम में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पांडेय, सदस्य शिवकुमारी साहू, दिनेश जांगडे, भगवंती पटेल, बिलाईगढ़ विधायक कविता लहरे, सत्ताधारी दल के जिला अध्यक्ष ज्योतिलाल पटेल, सुभाष जालान और ग्राम पंचायत झुमका के सरपंच धनंजय साहू शामिल हुए। जिला प्रशासन सभी अधिकारी एवं कर्मचारी शिविर में मौजूद रहे। शिविर को संबोधित करते हुए मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार जनता के हित में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों का नाम किसी भी स्थिति में नहीं छूटेगा, यह राज्य सरकार की प्राथमिकता और वादा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का समय सीमा के भीतर निराकरण किया जाना अनिवार्य है। शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य करे। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कई मामलों का मौके पर ही निराकरण भी किया गया।
शिविर में ग्रामीणों की भागीदारी बड़ी संख्या में देखने को मिली, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु पंजीयन कराया। इस दौरान अतिथियों ने नन्हें बच्चों को अन्न प्राशन कराया और गर्भवती महिलाओं को उपहार दिए। स्वास्थ्य और आयुर्वेद विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच किया गया। साथ ही आयुष्मान कार्ड, निक्षय मित्र को फूड बॉक्स, मत्स्य विभाग द्वारा मछली जाल, दिव्यांग प्रमाण पत्र, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास का पूर्णता और स्वीकृति प्रमाण पत्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जाति प्रमाण पत्र, खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, राजस्व विभाग द्वारा किसान पुस्तिका और बी 1 प्रदान किया गया।

ग्रामीणों को मिले जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : जागेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

■ मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में माँ बंजारी धाम में 30 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे,

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत प्रशासन के सहयोग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग तमनार घरघोड़ा के तत्वाधान में माँ बंजारी धाम प्रांगण तराईमाल में 8 मई को मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न समाज के 30 जोड़ों ने शादी कर अपने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया, सामूहिक विवाह कार्यक्रम पूरे रीति अनुसार बड़े ही उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह में मुख्य अतिथि जागेश सिदार जनपद अध्यक्ष, रमेश बेहरा जिला पंचायत सदस्य, नन्दनी राय सभापति, एसडीएम दुर्गा प्रसाद अधिकारी, तहसीलदार रिचा सिंह, शिवम पांडेय, रश्मि पटेल, सीईओ संजय चन्द्रा, चौधरी, परियोजना अधिकारी अन्य जनप्रतिनिधियों एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण शामिल हुए। बारातियों का तिलक रोली आरती उतारकर भव्य स्वागत सत्कार किया गया। जनपद अध्यक्ष जागेश सिंह सिदार ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह में पहुचे सभी वर वधु को शुभकामनाएं देते कहाकि छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह अंतर्गत विवाह होना आप सभी सौभाग्यशाली है माँ बंजारी धाम में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से विवाह संपन्न हो रहा है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेंने प्रोत्साहित किया।वर वधुओं का विवाह संपन्न कराकर शासन के योजना के तहत 35 हजार रुपए का प्रोत्साहन राशि और 8 हजार रुपए वैवाहिक खर्च और 7 हजार रुपए का वर वधू का उपहार देते हुए आशीर्वाद दिया गया।

ट्रेड डील से देश के किसान और छोटे व्यापारी होंगे प्रभावितः उस्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारत अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में दिल्ली स्थित कार्यालय में लगातार जारी न्याय सत्याग्रह में रायगढ़ ग्रामीण जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष उस्मान बेग ने तीन दिनों तक शामिल होकर धरने में सक्रिय सहभागिता दी। जिला अध्यक्ष उस्मान बेग ने बताया कि वे प्रभारी अमित प्रदेश अध्यक्ष आकाश एवं प्रदेश महासचिव राकेश के निर्देश पर दिल्ली पहुंचकर सत्याग्रह में शामिल हुए।

गौरतलब है कि इससे पूर्व भी वे विरोध प्रदर्शन, संसद घेराव के विरोध में आयोजित विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय रूप से सहभागिता निभा चुके हैं। दिल्ली में चल रहे इस सत्याग्रह के माध्यम से किसानों, मजदूरों, युवाओं एवं छोटे व्यापारियों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। आंदोलनकारियों का कहना है कि प्रस्तावित लागू होने से सस्ते विदेशी कृषि एवं डेयरी उत्पादों का आयात बढ़ेगाए जिससे भारतीय किसान, दुग्ध उत्पादक, छोटे व्यापारी एवं स्थानीय उद्योग प्रभावित होंगे। साथ ही रोजगार के अवसर कम होने एवं देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता कमजोर पड़ने की आशंका भी जताई जा रही है। रायगढ़ ग्रामीण अध्यक्ष उस्मान बेग ने कहा कि यह ट्रेड डील देश के किसानों, युवाओं, छोटे व्यापारियों एवं मजदूर वर्ग के हितों के खिलाफ साबित हो सकती है। यदि विदेशी कंपनियों और उत्पादों को खुली छूट दी गई तो स्थानीय व्यापार एवं रोजगार पर सीधा असर पड़ेगा। आज देश का किसान लागत और बाजार की समस्या से जूझ रहा है, लेकिन केंद्र सरकार आम जनता की आवाज सुनने के बजाय बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने में लगी हुई है। सरकार जनता के मुद्दों पर गूंगी बहरी बनी हुई है और दिल्ली में बैठी राष्ट्रीय नेतृत्व केवल हर निर्णय को सही साबित करने में लगी रहती है। युवा कांग्रेस जनता की आवाज बनकर लगातार संघर्ष करती रहेगी। रायगढ़ ग्रामीण जिला अध्यक्ष उस्मान बेग की लगातार सक्रियता एवं आंदोलनों में सहभागिता को लेकर युवा कार्यकर्ताओं में भी उत्साह देखा जा रहा है। दिल्ली में चल रहे इस लंबे सत्याग्रह में उनकी मौजूदगी को संगठन के प्रति समर्पण एवं जनहित के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष के रूप में देखा जा रहा है। इस आंदोलन में छत्तीसगढ़ से प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश सचिव अनुप वर्मा एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अध्यक्ष शुभम बाजपेयी सहित प्रदेशभर के युवा कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता लगातार शामिल हो रहे हैं। वहीं प्रतिदिन देशभर से सैकड़ों कार्यकर्ता सत्याग्रह स्थल पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दे रहे हैं।

आईपीएल के खिलाड़ियों ने जाना रामनामी समाज की परंपरा और जीवनशैली

■ खिलाड़ियों ने समाज के लोगों से उनके इतिहास, परंपराओं और आध्यात्मिक जीवन के बारे में ली जानकारी

■ कई खिलाड़ियों ने रामनाम अंकित वस्त्रों और मोर मुकुट के बारे में भी जिज्ञासा व्यक्त की

बरमकेला। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में इन दिनों इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल मुकाबलों का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश में पहली बार इतने बड़े स्तर पर क्रिकेट और संस्कृति का ऐसा संगम देखने को मिला जहां खेल के साथ साथ छत्तीसगढ़ की पारंपरिक पहचान को भी प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया।

इस बार रायपुर को आईपीएल की प्रसिद्ध फ्रेंचाइजी का होम ग्राउंड बनाया गया है। ऐसे में खिलाड़ियों के स्वागत, छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति के प्रदर्शन और प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को देश दुनिया तक पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग द्वारा किया गया, जिसमें सारंगढ़ बिलाईगढ़, सक्ती सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे रामनामी समाज के लोगों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही रामनामी समाज के लोगों की पारंपरिक वेशभूषा ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। सफेद वस्त्रों पर अंकित राम नाम, सिर पर मोरपंखों से सजा मुकुट, शांत और आध्यात्मिक व्यक्तित्व तथा राम राम के अभिवादन ने आयोजन में एक अलग ही आध्यात्मिक वातावरण निर्मित कर दिया।
खिलाड़ी रामनामी समाज की परंपरा और उनकी जीवनशैली को देखकर काफी प्रभावित दिखाई दिए। खिलाड़ियों ने समाज के लोगों से उनके इतिहास, परंपराओं और आध्यात्मिक जीवन के बारे में जानकारी प्राप्त की। कई खिलाड़ियों ने रामनाम अंकित वस्त्रों और मोर मुकुट के बारे में भी जिज्ञासा व्यक्त की। खिलाड़ियों ने समाज की परंपराओं की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक समय में भी अपनी संस्कृति और मूल्यों को इस तरह जीवित रखना वास्तव में प्रेरणादायक है।

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली

रायगढ़। सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम पर 15 दिवसीय सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आगामी 11 मई तक संचालित होगा। अभियान के तहत जिले में खाद्य पदार्थों एवं औषधियों की गुणवत्ता जांच के साथ आमजन को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार 8 मई को जिला स्तरीय

स्वापक एवं मनःप्रभावी औषधियों तथा एंटीबायोटिक एब्यूज के खिलाफ जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नशे और दवाओं के दुरुपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना रहा। रायगढ़ जिले में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सुबह 7 से 9 बजे तक आयोजित इस रैली में विभागों के अधिकारी कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं आम नागरिक शामिल हुए।

वेस्ट टू लैंडफिल मिशन को प्राप्त करने की पहलें परिचय

एनटीपीसी लारा कर रहा औद्योगिक अपशिष्टों का प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वैश्विक स्तर पर वर्ष 2050 तक प्रतिवर्ष 3.5 अरब टन कचरा उत्पन्न होने का अनुमान है जो हमारी वैश्विक अपशिष्ट स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है। फिर भी इस कचरे के एक तिहाई से भी कम हिस्से का उचित अपशिष्ट प्रबंधन तकनीकों के माध्यम से प्रबंधन किया जाता है। यह कचरा पारिस्थितिक तंत्र को नुकसान पहुँचाता है, प्राकृतिक जलमार्गों को प्रदूषित करता है और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को और बदतर बनाता है।

शहरों और कस्बों में बढ़ते अपशिष्ट के बोझ के मुख्य कारण तीव्र शहरीकरण, बदलती जीवनशैली और एकल उपयोग प्लास्टिक पर निर्भरता को बढ़ावा देना है। नगरपालिका प्रणालियाँ थकी हुई हैं, लैंडफिल खतरनाक रूप से अत्यधिक भर गए हैं और हाशि, पर रहने वाले नागरिक, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों से सबसे अधिक पीड़ित हैं। केवल संग्रह और निपटान पर केंद्रित पारंपरिक दृष्टिकोण पर्याप्त रूप से काम नहीं कर रहे हैं। रैखिक अर्थव्यवस्था से परे चक्रीय अर्थव्यवस्था की ओर बदलाव आवश्यक है, जो कचरे को फेंकने की बजाय लगातार पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण या खाद बनाने को प्राथमिकता दे। यही वह समय है जब ज़ीरो वेस्ट टू लैंडफिल अनिवार्य हो जाता है यह ऐसी प्रक्रियाएँ स्थापित करने के बारे में है जिसमें या तो बहुत कम या आदर्श रूप से कुछ भी लैंडफिल में नहीं जाता।

एनटीपीसी की एकीकृत प्लास्टिक प्रबंधन नीति 2019 है, जो प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन विधियों को लागू करने का मार्गदर्शन करती है। एनटीपीसी ने सभी विधायी और नियामक आवश्यकताओं को पूरा करने वाले प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन दिशानिर्देश को लागू करने के लिए ज़ीरो डेविएशन दस्तावेज 2018 भी विकसित किया है। लारा सुपर थर्मल पावर स्टेशन, एनटीपीसी लि की एक इकाई, जो रायगढ़, छत्तीसगढ़ में स्थित है, इस बात का एक बेहतरीन उदाहरण है कि उचित अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करके औद्योगिक प्रक्रियाएँ पर्यावरण के साथ शांतिपूर्वक सह अस्तित्व में रह सकती हैं। यह लेख एनटीपीसी लारा की पहलों की रूपरेखा प्रस्तुत करता है जो अन्य उद्योगों के लिए एक टिकाऊ मॉडल के रूप में कार्य करती हैं और ज़ीरो वेस्ट टू लैंडफिल प्राप्त करने में समर्पण को दर्शाती हैं। केस स्टडी ज़ीरो वेस्ट टू लैंडफिल की दिशा में एनटीपीसी की पहलें।